सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-204
27/04/2017

सांसद सह फिल्म अभिनेता विनोद खन्ना के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरा शोक व्यक्त किया

पटना, 27 अप्रैल 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने चर्चित फिल्म अभिनेता सह गुरदासपुर से सांसद विनोद खन्ना के निधन पर गहरा शोक एवं दुख व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक चर्चित अभिनेता एवं लोकप्रिय सांसद थे। उनके निधन से राजनीतिक एवं फिल्मी जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। 1980 के दशक में वे फिल्म प्रेमियों के दिल पर छाये रहे। उन्होंने फिल्म अभिनय के साथ राजनीति क्षेत्र में भी लोकप्रियता हासिल की थी।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******